डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 330 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 17 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

अब तीन दिन भारी बारिश की संभावना

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। अंचल में पिछले 3-4 दिनों से बारिश नहीं हुई है। लेकिन, अगले दो-तीन दिनों में तेज बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

मौसम जानकारों के अनुसार आज मंगलवार 17 सितंबर से 19 सितंबर तक तेज बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से एक्टिव हुए लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ सक्रिय है। इसका असर अगले तीन दिनों तक रहेगा। इस दौरान प्रदेश के 38 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन के कुछ जिलों में भी हल्की बारिश की स्थिति रह सकती है। जिले में अभी तक ओवरऑल 33.16 इंच (842 मिमि) औसत बारिश दर्ज की गई है। वहीं चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1310.18 फीट पहुँच गया है।

हनुमान मंदिर में पथराव से बिगड़ा माहौल...

आगजनी, तोड़फोड़, बसों के कांच फोड़े

मिलादुन्नबी के जलसे के दौरान पथराव से घायल हुआ युवक, पुलिस के साथ झूमाझपटी, बाजार बंद, चप्पे-चप्पे पर तैनात हुई पुलिस

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। ईद मिलादुन्नबी के जलसे के दौरान असामाजिक तत्वों की हरकत से पूरे शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। जलसा जब नेहरू बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर पहुंचा तो यहां जुलूस के बीच में से किसी असामाजिक तत्व ने मंदिर में पत्थर फेंका। इससे मंदिर में खड़ा एक व्यक्ति घायल हो गया। जबकि, मंदिर पुजारी को भी चोटें लगी। इसके बाद दो समुदायों के बीच विवाद शुरू हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद, एएसपी गौतम सौलंकी सहित पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। इधर, मंदिर में पत्थर फेंकने और मौके पर एक हिंदू व्यक्ति के घायल होने के बाद हिंदू संगठन भी आक्रोशित हो गए और मंदिर के बाहर सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। हिंदू संगठन ने मांग की है कि पत्थर फेंकने वाले आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए।

इधर सोशल मीडिया के जरिए विवाद की खबर सभी जगहों पर फैलने लगी। जिसके कारण मंडी गेट, सम्राट मार्केट, नयापुरा रोड, घंटाघर सहित मुख्य बाजारों में व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दी। इधर शहर में एक समुदाय के लोग खासे आक्रोशित नजर आए। इस दौरान व्यवस्था संभालने एसपी-कलेक्टर सहित अधिकारी सड़को पर उतरे। उन्होंने लोगों से बात करने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित लोगों ने कुछ दुकानों में तोड़फोड़ कर डाली। इधर नेहरु बस स्टैंड पर बसों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। यही नहीं इक्का-दुक्का आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया गया। इस दौरान पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा।

सड़क पर बैठ किया हनुमान चालिसा का पाठ...

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मुस्लिम समाज के जुलूस को गतंव्य तक पहुंचाया। इसके बाद बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी एकत्रित हो गए। काफी देर तक पुलिस और हिंदू कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झटकी और धक्कामुक्की के बाद हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रशासन को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो 2 दिन के बाद हिंदू संगठन अपने वरिष्ठ पदाधिकारियो से बात कर सख्त कदम उठाएगा।

प्लानिंग के तहत की पत्थर बाजी...

मीडिया को जानकारी देते हुए हिंदू संगठन के नेता गौरव अग्रवाल और विनय दुबेला ने बताया कि हिंदू संगठनों ने प्रशासन को पहले ही आगाह किया था कि मुस्लिम समुदाय के जुलूस के मार्ग में आने वाले हिंदू मंदिरों में पुलिस की विशेष व्यवस्था की जाए। हालांकि, प्रशासन ने इसे हल्के में लिया और मुस्लिम पक्ष ने प्लानिंग के तहत पत्थर बाजी की। इससे दोनों पक्षों में माहौल गर्मा गया। विश्व हिंदू परिषद के नेता हेमंत बुलचंदानी ने कहा- जुलूस के दौरान यह प्लानिंग के साथ विवाद किया गया था। मुस्लिम पक्ष के लोगों ने बस स्टैंड पर एक बस के ऊपर पत्थर इकट्ठे किए थे, एक पत्थर आने के बाद जब हिंदू पक्ष ने विरोध किया तो उधर से कुछ और पत्थर और इसके साथ जूते चप्पल भी फेंके गए।

इनका कहना...

मैं मंदिर में बैठा था, मुस्लिम समाज का जुलूस निकल रहा था। इसी दौरान जुलूस के बीच में से एक पत्थर आया, जो पास में बैठे उनके सहयोगी के सिर में लगा, जिससे वह घायल हो गए। वहीं एक पत्थर से उनके पैर में भी चोट आई है। विरोध करने पर कुछ पत्थर और चप्पल हमारे ऊपर फेंके गए थे।

शरद द्विवेदी, पुजारी बड़े बालाजी मदिर बस स्टेण्ड मंदसौर

कड़ी कार्यवाही करेंगे...

फरियादी के अनुसार पत्थरबाजी और लाठी से उन्हें चोट लगी है। जो भी इसमें शामिल है, उन पर कडी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने अपील की कि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी नहीं फैलाए। इसकी शिकायत पुलिस कंट्रोल रूम पर भेजे। सौंहाद्र पूर्ण वातावरण बनाए रखे। अगर किसी ने शांतीभंग करने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई भी सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

अभिषेक आनंद
पुलिस कप्तान मंदसौर

सीसीटीवी फूटेज देख की जा रही कार्यवाही...

मामले में सीसीटीवी फूटेज देखकर आरोपी की पहचान की जाएगी। उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा भ्रामक जानकारी पर ध्यान नहीं दे। स्थिति नियंत्रण में है। शांती व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

अदिती गर्ग, कलेक्टर

आईजी, डीआईजी, कमिश्नर मंदसौर में...

शहर ने बवाल को देख उज्जैन कमिश्नर, आईजी और रतलाम डीआईजी मंदसौर आए। इन सभी अधिकारियो का कैंप आज मंगलवार को मंदसौर में ही रहेगा। गणेश विसर्जन के कार्यक्रम समापन के बाद ही सभी अपने पदस्थापना क्षेत्र जायेंगे। डीआईजी श्री मनोज कुमार सिंह तो शाम को ही मंदसौर आ गए थे। उन्होंने सवेंदनशील क्षेत्रो का भ्रमण कर पुलिस व्यवस्था को परखा था। देर शाम पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी मंदसौर पहुंचे और स्थिति को समझा। हालांकि, रात तक हालात सामान्य हो गए थे।

मिलादुन्नबी के जुलूस में फहराए फिलिस्तीन के झण्डे, विवादित भाषण भी बजाए

रतलाम, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शहर में सोमवार को निकाले गए मिलादुन्नबी के जुलूस में कई स्थानों पर फिलस्तीन के झण्डे फहराते हुए देखे गए। इसके साथ ही जुलूस में शामिल कतिपय डीजे पर विवादित भाषण भी बजाए गए। फिलस्तीनी झण्डे फहराने का विडीयो भी सोशल मीडीया पर वायरल हो रहा है।

शहर में आज निकाले गए मिलादुन्नबी के जुलूस में कुछ युवाओं ने फिलस्तीन के बडे बडे झण्डे फहराए। फिलस्तीनी झण्डे फहराने का विडीयो सोशल मीडीया पर वायरल हो रहा है। इसके साथ ही एआईएमआईएम के नेता अकबरुद्दीन औवेसी का विवादित भाषण भी एक डीजे पर जोर जोर से बजाया जा रहा था।

उल्लेखनीय है कि अकबरुद्दीन औबेसी ने अपने विवादित भाषण में मुस्लिम समुदाय को उनकी जनसंख्या बताकर भड़काते हुए सडकों पर उतरने की बात कही थी। यही भाषण डीजे पर लगातार बजाया जा रहा था। मुस्लिम समुदाय के जुलूस में फिलस्तीन के झण्डे फहराने को लेकर शहर में अलग अलग तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। कुछ लोग इसे हास्यास्पद मान रहे है, तो कुछ इसे मानसिकता का परिचायक बता रहे है। फिलस्तीन से हजारो किमी दूर रतलाम में फिलस्तीन के झण्डे फहरा कर मुस्लिम समाज के लोग क्या प्रदर्शित करना चाहते है यह प्रश्न भी सोशल मीडीया पर तैर रहा है।

महाआरती में शामिल हुए हजारों लोग...

हिन्दू संगठनो के आव्हान पर बस स्टेण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर में शाम 7 बजे महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्यां में लोगो ने भाग लिया। शाम करीब 6.30 बजे से ही बस स्टेण्ड जाने वाले सभी मार्गो पर पर केवल मंदिर जाते हुए लोग दिखाई दिए। महाआरती में हजारो लोगो ने भाग लिया। यहां आरती के पश्चात जनसैलाब को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के हेमंत बुलचंदानी ने प्रशासन को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि तत्काल कड़ी कार्यवाही नहीं की गई और आरोपियो को गिरफ्तार नहीं किया गया तो होने वाले आंदोलन की जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

उत्साह के साथ मनाई ईद मिलादुन्नबी

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी का पर्व मंदसौर शहर सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के एक दिन पहले जहां मुस्लिम समाज ने वाहन रैली निकालकर जश्न मनाया। वहीं सोमवार को भव्य जलसा निकाला गया।

जलसा शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ खानपुरा स्थित ईदगाह पहुंचा। जहां जलसे का समापन हुआ। शहर में निकले जलसे का शहरवासियों सहित समाजजनों ने जगह-जगह स्वागत किया और मिठाईयां बांटी।

सांची को एनडीडीबी मर्ज करेंगे या अमूल में समाहित किया जाएगा..!

मंदसौर/उज्जैन, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मध्य प्रदेश सरकार के डेयरी एवं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित सांची दुग्ध संघ को घाटे में चलना बता कर अब नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड लेने की तैयारी कर चुका है। 10 सितंबर को उच्च स्तरीय अधिकारियों की एक बैठक हो चुकी है, बस उसकी रिपोर्ट और उस पर प्रदेश सरकार का निर्णय उजागर होना बाकी है। मध्य प्रदेश के दुग्ध संघ सांची को अपनी क्वालिटी और उत्पादन के कारण ख्याती मिली थी। बीच के बीते समय में क्वालिटी के स्तर में और उत्पादन में भी गिरावट आने लगी थी। इसी साल के प्रारंभ में भी इसी सांची को पूरी तरह से गुजरात के अमूल को सौंपने की तैयारी हो चुकी थी। इसके पहले सांची के साथ प्रदेश सरकार के आधे अधिकारी सांची को अमूल को सौंपना नहीं चाहते थे। पर, उच्च स्तरीय निर्णय के कारण मजबूर थे। अत: लगभग तय हो चुका था कि सांची दुग्ध संघ मध्य प्रदेश का गुजरात के अमूल में संविलय हो जाएगा।

सांची के ही कुछ अधिकारियों की तरह जो अपने छह यूनिट में से घाटे में चलने वाले ग्वालियर, सागर, जबलपुर देने को तैयार भी हो गए थे। इन्ही की तरह अमूल के अधिकारी भी सांची के सिर्फ फायदे में चलने वाले इंदौर, उज्जैन, भोपाल यूनिट लेना चाहते थे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में सांची की 6 यूनिट संचालित हो रही है। इनमें से इंदौर, उज्जैन, भोपाल फायदे में है। जबकि, ग्वालियर, सागर, जबलपुर घाटे में चल रही है। ऐसे में अमूल के कुछ अधिकारियों ने पहले फायदे में चलने वाली यूनिट के समायोजन का प्रस्ताव रखा था। जिससे सांची प्रबंधन और सरकार भी असहमत नजर आए थे। विषय उठा कि पूरे सांची दुग्ध संघ के लिए चर्चाएं हुई थी। बहरहाल सांची का अमूल में विलय तो तीन घाटे में चलने वाले यूनिट ने अवरोध बन रोक दिया है, वरना राजनीतिक स्तर पर तय किया जा चुका था।

इसके बाद भी राजनीतिक स्तर पर सांची को प्रदेश सरकार से लेने की योजना थमी नहीं थी। अब फिर से इन्हीं नीतिकारों के इशारे पर नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड सांची दुग्ध संघ को अपने बोर्ड से संचालित करने के लिए आगे आ गया है। राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से एनडीडीबी बहुत मजबूत संस्था है। उसने निर्णय ले लिया है तो सांची का विलय होना तय ही है। यह उल्लेख भी समर्थन करता है कि एनडीडीवी में गुजरात लाबी का प्रभुत्व है। इसी कारण अमूल के प्रयासों में असफलता के तत्काल बाद ही एनडीडीबी ने स्पष्टहरकत कर जाहिर कर दिया की सांची दुग्ध संघ जिसके 6 में से तीन यूनिट घाटे में चल रहे हैं अमूल या राष्ट्रीय बोर्ड में समा जाएं, ताकि गुजरात और दिल्ली में दूध का प्रबंधन बेहतर हो जाए। इसी के साथ नए दुग्ध संघ भी बनाए जाएंगे और जबलपुर यूनिट के दो महाकौशल तथा विंध्य अंचल, ऐसे ही उज्जैन दुग्ध संघ के दो हिस्से रतलाम मंदसौर नीमच को अलग कर दशपुर संघ बनाया जाएगा।

चन्द्रमोहन भगत

महासंघ में चल रही इस प्रक्रिया में यह स्पष्ट हो चुका है कि सरकार भी गुजरात लाबी के पक्ष में निर्णय लेगी, फिर चाहे सांची का विलय अमूल में हो या नेशनल बोर्ड पहले अपने अधीन लेकर फिर अमूल को संचालन सौंप दे। इससे दूध के क्षेत्र में प्रदेश का प्रभुत्व घटेगा दूसरी तरफ अमूल की तरह तकनीक में सुधार किया जाकर क्वालिटी को पहले से बेहतर और उत्पादन को बढ़ाया भी जा सकेगा। इतना सब अमूल और एनडीडीबी के अधिकारी कर ही लेंगे। राज्य और केन्द्र स्तर तक मान्य किया जा रहा है। बस सवाल यह उठ रहा है कि मध्य प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग तथा सांची के अधिकारी कर्मचारी अपने घाटे में चलने वाले तीन यूनिट को बेहतर कर फायदे में क्यों नहीं ला पा रहे थे! बेहतर कर पाते तब किसी दूसरी संस्था की सांची को मर्ज करने की योजना ही नहीं बन पाती!

खाली पोस्ट केवल 05, अतिशेष 42

अतिशेष की प्रक्रिया के बाद खुली पोल, शिक्षक बोले- पोस्टिंग जिले में तो अन्य जिलों में क्यों जाए?

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शिक्षा विभाग में श्रेणी-2 के अतिशेष शिक्षकों (उच्च श्रेणी शिक्षक और माध्यमिक शिक्षक) की शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थापना के लिए रविवार को प्रदेश के सभी जिलों में काउंसिलिंग की गई। काउंसिलिंग की निगरानी के लिए लोक शिक्षण संचालनालय स्तर पर समिति गठित की गई है। अब इस काउंसलिंग के बाद अधिकारियों द्वारा की गई लापरवाही सामने आई। अतिशेष के बाद स्थिति यह बन रही है कि जिले में संस्कृत विषय में 42 अतिशेष शिक्षक सामने आए है। वहीं पोस्ट सिर्फ पांच ही खाली है। शेष शिक्षकों से असहमति पत्र भरवाया गया। ऐसे में अब शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षकों का कहना है कि जब जिले में पोस्टिंग की गई तो संभाग के अन्य जिले में युक्तियुक्त करण क्यों किया जा रहा है।

यह है जिले से बाहर पोस्ट होने का कारण...

बता दे कि प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के स्थानांतरण के संबंध में कमान जिला शिक्षाधिकारी के पास होती है। माध्यमिक विद्यालय में इसकी कमान संभाग स्तर पर बैठे अधिकारी के पास होती है। वहीं वर्ग एक के शिक्षकों के लिए राज्य स्तर पर निर्णय लिया जाता है। ऐसे में वर्ग दो के मतलब माध्यमिक विद्यालय के संस्कृत भाषा के शिक्षकों की संख्या 42 अतिशेष मिली। जब पोस्ट देखी गई तो सिर्फ पांच ही खाली मिली। अब संभाग स्तर पर बैठे अधिकारी शेष बचे 37 शिक्षकों को संभाग में कहीं भी भेज सकते हैं। यह स्थिति सिर्फ संस्कृत विषय ही नहीं, बल्कि अन्य विषयों में भी सामने आई है। इस तरह का मामला सिर्फ मंदसौर जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश में कई जगहों पर सामने आ रहे हैं। यहीं कारण है कि अतिशेष शिक्षकों की इस प्रक्रिया को लेकर शुरुआत से ही शिक्षकों में आक्रोश देखा जा रहा है।

अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश...

शिक्षकों का कहना है कि जब स्कूलों मे रिक्त पद ही नही था तो पदस्थ क्यों किया गया, जिससे अतिशेष की स्थिति निर्मित हुई। सबसे पहले सरकार को शिक्षा विभाग के ऐसे अधिकारियों को चिन्हित करना चाहिए जिनके कारण शिक्षा विभाग में विसंगतिपूर्ण नीतियों के कारण पूरे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खडा हुआ और शिक्षकों में सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है। विसंगतिपूर्ण योजनाओं और नीति निर्धारण करने वाले अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होना चाहिए। जिससे भविष्य में शिक्षा विभाग में ऐसी स्थिति निर्मित ना... **शेष पेज 3 पर**

दया और करुणा भारतीय संस्कृति के मूल तत्व है

हिन्दी साहित्य संस्थान की जल्दी सोना जल्दी उठना निबंध प्रतियोगिता में 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। हिन्दी साहित्य संस्थान द्वारा जल्दी सोना जल्दी उठना विषय पर हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे विभिन्न विद्यालयों के 300 छात्र छात्राओ ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह मे ब्रम्हाकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि दया और करूणा भारतीय संस्कृति का मूल तत्व है। नई पीढी को सदुणो के विकास के लिये इनसे अवगत कराना जरूरी है। आपने कहा कि समय का सदुपयोग तब ही संभव है जबकि मोबाईल फोन आदि उपकरणो का सार्थक उपयोग किया जाए, व्यसन न बनावे। सेंट थामस स्कूल के फादर जोनसोन ने कहा कि राष्ट्र निर्माण मे योगदान देने के लिए उत्कृष्ट चरित्र निर्माण जरूरी है। इसके लिये स्वयं की इच्छा व संकल्प जरूरी है। प्रसिद्ध वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि देर तक सोने वाले स्वप्न देखते है किन्तु ब्रह्म मुहूर्त मे उठने वाले सपने साकार करते है। यह अच्छे संस्कारो का आधार है। आपने कहा कि माता, पिता, गुरू व स्वंयसेवी संस्थाऐं युवा वर्ग को मानवीय गुणो से सम्पन्न बनाने के लिए सक्रिय पहल करे। शिक्षाविद् श्री आलोक वर्मा ने कहा कि हिन्दी भाषा की उपेक्षा बेरोजगारी का एक बडा कारण है। हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित करना राष्ट्र हित मे है। डीवीएम स्कूल के संचालक श्री राजेन्द्र छाजेड ने श्रेष्ठ आयोजन के लिए शुभकामनाऐं दी। हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी ने स्वागत भाषण दिया। वरिष्ठ वर्ग मे सरस्वती स्कूल की निहिका प्रजापति प्रथम, सेंट थामस स्कूल की राधिका बघेरवाल द्वितीय, लोटस वेली स्कूल की रीतिका राजपूत तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किये गये। कनिष्ठ वर्ग मे सरस्वती स्कूल की गुंजन टोडावत प्रथम, सुभाष स्कूल के प्रतिका महिवाल द्वितीय व ग्लोबल स्कूल की अपेक्षा शर्मा तृतीय रही। यशोधर्मन स्कूल, उत्कृष्ट स्कूल, डीवीएम स्कूल, एनएस सिंघवी स्कूल व एबेनाइतजर स्कूल के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार मिले। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिये गये। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा, आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी, हिन्दी साहित्य संस्थान के सचिव श्री निरंजन भारद्वाज, समाजसेवी श्री भेरूलाल पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन हिन्दी साहित्य संस्थान के सचिव श्री योगेन्द्र जोशी ने किया व आभार प्रदर्शन श्री सत्यनारायण भूरिया ने किया।

सरकार ने आधी रात को 2 हजार का नोट बंद किया उसी तरह वोट बंद का ऐलान भी होगा, जागो किसान जागो-मेघवाल

जिला पंचायत सदस्य कछावा के आमरण अनशन के सातवें दिन अफीम किसान संघर्ष समिति ने दिया समर्थन

मनासा, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आर सागर कछावा के आमरण अनशन के सातवें दिन भारतीय किसान संघर्ष समिति राजस्थान यूपी और मध्यप्रदेश के संरक्षक मांगीलाल मेघवाल ने किसानों के साथ अनशन स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया। मेघवाल ने समर्थन देते हुए कहा की देश में मौजूदा सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम करने की बजाए वो धनाढ्य लोगो के लिए काम कर रही है। किसानों को न्याय मिले और खेती लाभ का धंधा बने इसको लेकर किसानों द्वारा सरकार के खिलाफ लंबी लडाई लडी जा रही है। किसानों को उपज की एमएसपी तय हो इसको लेकर संघर्ष जारी है। मनासा में सागर कछावा किसानों के हक और उनकी सोयाबीन फसल का मूल्य 6 हजार मिले, आदिवासियो की प्रशासन के दबाव में निजी कंपनी ने छीनी उसका वाजिब दाम मिले ऐसी 16 मांगो को लेकर वे आमरण अनशन कर रहे है। अभी भी समय है की किसान भाई एक हो जाओ नही तो किस तरह से सरकार ने आधी रात को 2 हजार का नोट बंद किया है। उसी तरह आधी रात को ऐलान हो जाएगा की अब लोकतंत्र में वोट बंद कर दिए है। हमे सागर कछावा को इस सच्चाई की लडाई में साथ देना होगा। ये अकेले नहीं रहे इसलिए में अपने किसान भाइयों के साथ आज इन्हे समर्थन देने के लिए आया हूं। क्षेत्र का अफीम उत्पादक किसान भी इस संघर्ष की लडाई में प्रतिदिन आमरण अनशन को समर्थन देगा। हम सभी मिलकर इस लडाई को अंतिम पडाव तक ले जाए ताकि न्याय मिल सके।आमरण अनशन को आज का सातवां दिन हो गया लेकिन प्रशासन और सरकार की तरफ से एक भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मामले में बात करने तक नही आए। लेकिन कछावा के संघर्ष से आज नही तो कल प्रशासन को झुकना ही होगा। मेघवाल ने मनासा मंदसौर सहित प्रदेश के किसान संघर्ष समिति के सदस्यों से आह्वान किया की वे बडी तादाद में आमरण अनशन में पहुंचे और अपना समर्थन दे। मेघवाल ने स्थानीय प्रशासन और सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि पर कई गंभीर आरोप भी लगाए।

वही अनशन कर रहे कछावा ने सातवे दिन स्थानीय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू पर आरोप लगाते हुए कहा की खिमला ब्लाक में ग्रीन को कंपनी के साथ मिलकर विधायक ने कलेक्टर पर दबाव बनाकर आदिवासियो की जमीन विक्रय का आदेश नियम के विपरीत करवाया। इस खेल में विधायक और उनकी चांडाल चौकडी शामिल है। कछावा ने कहा की सात दिन तो क्या 70 दिन भी हो जाए तो में यहां से उठने वाला नही हूं। जब तक प्रशासन और शासन इन मांगों पर अपनी मुहर नही लगा देता है तब तक अनशन जारी रहेगा।

सातवें दिन महिलाओं का मिला समर्थन –आमरण अनशन के सातवें दिन बडी संख्या में खिमला ब्लाक और भदाना क्षेत्र से बडी संख्या में महिलाएं आई और कछावा को समर्थन दिया। महिलाओं ने कहा की हम सभी महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कछावा द्वारा किए जा रहे अनशन से कलेक्टर को अवगत कराएंगे। महिलाओं ने कहा की अगर हमारी लडाई लडते हुए कछावा को कुछ हो जाता है तो उसका जिम्मेदार जिले का प्रशासन और सरकार के जनप्रतिनिधि होगे।

दीपिका किशोरी को मिला हिंदी काव्य रत्न सम्मान

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर जिले की बेटी का नेपाल में सम्मान किया गया है। नेपाल के लुंबिनी में आयोजित किए गए एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में मंदसौर की बेटी दीपिका किशोरी को सम्मानित किया गया है। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा भाषा तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से आज सम्मानित किया गया है। हिंदी दिवस के मौके पर शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा आयोजित किए गए हिंदी दिवस अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में बहुमुखी प्रतिभा की धनी श्रीमती दीपिका मानवानी को हिंदी काव्य रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। दीपिका मानवानी लेखक हैं जिनकी कई रचनाएं देश की विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अब तक दर्जनों सम्मान मिल चुके हैं। अभी हाल ही में आणंद, गुजरात में हुए राष्ट्रीय स्तर पर महिला साहित्यकार सम्मेलन में भी उन्होंने मंदसौर को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में नेपाल, भारत, अमेरिका, कनाडा तथा तंजानिया से 6742 महिला पुरुष रचनाकारों की सहभागिता थी जिसमें 675 प्रतिभाओं का उत्कृष्ट कविता के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया है संस्था की सचिव चरना कौर कहती हैं-हिंदी आज किसी एक देश की भाषा नहीं बल्कि विश्व भाषा बन चुकी है। सभी के अपनी भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में हजारों शिक्षकों तथा लेखकों ने देश विदेश में प्रतिभागिता की जो संस्था के लिए गर्व का विषय है।

छात्रा का अभा एथलेटिक्स प्रतियगिता में चयन

नारायणगढ़, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नारायणगढ की छात्रा करेगी चक्का फेंक अभा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्या भारती मालवा प्रांत एवं नारायणगढ का प्रतिनिधित्व विद्या भारती मालवा द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नारायणगढ की छात्रा आरती चौहान ने चक्का फेंक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया छात्रा का चयन 26 से 29 सितंबर को खंडवा में होने वाली अभा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हुआ है। बहन का चयन होने पर मंदसौर विभाग के विभाग समन्वयक श्री राघवेंद्र जी देराश्री, विद्यालय को संचालित करने वाली समिति संस्कृति विकास शिक्षण, नारायणगढ समिति परिवार, विद्यालय के प्राचार्य श्री अंतिम जी वर्मा एवं विद्यालय परिवार की ओर से बहिन को अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन का आशीर्वाद एवं बधाई प्रेषित की।

पशुपालन एवं जैविक खेती प्रशिक्षण युवक एवं युवतियों के लिए आज से प्रारंभ

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, के द्वारा आपके गांव राईखेडा मे 17 सितम्बर से पशुपालन एवं जैविक खेती का प्रशिक्षण प्रारंभ होने जा रहा है। इन प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल की युवक/युवतिया जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच को ही मिलेगा। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण मे चाय, नाश्ते की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। बैंकिग संबंधी सभी जानकारियों दी जायेगी। प्रशिक्षणार्थी 17 सितम्बर 2024 को समय 11:00 बजे अपने दो 2 नये पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एवं राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र, गावं राईखेडा स्थान बंटी पिता वकील सुरावत के निवास स्थान पर संकाय सदस्य सचिन अठवाल मोबाइल न. 6269058449, 8435806297 को जमा करवाये। मोबाईल न. 6269058449,7 999852839, 8435806297 पर सम्पर्क कर सकते है।

दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन से साथी ढूंढने में आसानी होगी

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। भारत में लाखों लोग शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं. इनमें से कुछ ही अपने लिए हमसफर ढूंढ पाते हैं, वहीं बहुत से दिव्यांगजन मन चाहे वर-वधू के लिए परेशान होते हैं. दरअसल, दिव्यांग युवक-युवतियों को विवाह के लिए मनपसंद साथी ढूंढने में काफी परेशानी होती है।

समान शारीरिक क्षमता वाले लोग एक-दूसरे को ज्यादा पसंद करते हैं और वे चाहते हैं कि उनके जीवनसाथी भी समान अनुभव वाले हों तो बेहतर होगा, ताकि उन्हें नए हालात में अपने आप को ढालने में ज्यादा समय न लगे। उक्त बात उमंग दिव्यांग संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश चैधरी एडवोकेट ने कहीं वे रविवार दिनांक 15-9-2024 को नगर पालिका सभागृह में आयोजित दिव्यांग युवक युवती परिचय सम्मेलन की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर पार्षद श्री शैलेंद्र गिरी गोस्वामी ने कहा कि इस तरह के आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होना चाहिए ताकि दिव्यांग जनों को आसानी से वर वधु को ढूंढने में आसानी हो। समाजसेवी एवं किसान संघ के प्रतीक जैन ने कहा कि दिव्यांग जनों का परिचय सम्मेलन मंदसौर संसदीय क्षेत्र का बडे भव्य पैमाने पर आयोजित होगा जिसमें कई जोडे बनेंगे और अनेक दिव्यांग जनों का घर बसेगा। नीमच दिव्यांग ज्योति सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष बलदेव की जागीड ने कहा कि

दिव्यांग परिचय सम्मेलन से ग्रामीण दिव्यांग जनों को जीवनसाथी मिलेगा। इस अवसर पर दशपुर विकलांग संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमावत ने कहा कि हम सब मिलकर दिव्यांग युवक युवति परिचय सम्मेलन आयोजित करेंगे इस अवसर पर अनेक दिव्यांग जनों ने अपने उद्बोधन रखें आभार राधा चैधरी ने माना। इस अवसर पर जिले के कहीं दिव्यांगजन भी उपस्थित हुए।

हर्कियाखाल डेम व पालसोड़ा रेतम नदी पुलिया पर प्रतिमा विसर्जन प्रतिबंध

नीमच, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। एसडीएम डा.ममता खेडे ने बताया कि अनंत चौदस पर गणेश प्रतिमा विसर्जन 17 सितम्बहर2024 एवं 18 सितम्बार 2024 को किया जाना है। एसडीएम नीमच द्वारा व्यापक जनुसरक्षा एवं लोकहित को ध्यान में रखते हुए कोटडी ईस्तमुरार (हर्कियाखाल) डेम एवं ग्राम पालसोडा स्थित रेतम नदी की पुलिया पर गणेश प्रतिमा विसर्जन करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होनने नागरिको से अपील है, कि वह प्रशासन द्वारा निर्दिष्टसुरिक्षत स्थानों (नीमच सिटी मठ के पास, संजीवनी कॉलोनी के पास, शिवघाट,) पर ही विर्सजन करें।

स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा श्रमदान किया

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शास.स्ना. महाविद्यालय मन्दसौर में उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अन्तर्गत एन.एस.एस. व एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा अमृत वाटिका में श्रमदान किया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा है पखवाडा दिनांक 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर गाँधी जयन्ती तक मनाया जाना है। जिसके तहत एन.एस.एस. व एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा अमृत वाटिका में गाजर घास व अनावश्यक खरपतवारों को उखाडा एवं प्लास्टिक एवं अन्य खचरे को इकट्ठा कर अमृत वाटिका परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चन्दवानी, प्राचार्य डॉ.डी.सी. गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार आर्य एवं प्रो. योगेश पटेल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

गंगा- यमुना की बाढ़ ने मचाया हाहाकार

प्रयागराज, 16 सितम्बर। जलस्तर में लगातार बढोतरी से गंगा-यमुना खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं। नदियों के किनारे कछारी इलाकों में सैकडों घर डूब जाने से हजारों लोग बेघर हो गए हैं। लोगों को बाढ राहत शिविरों में शरण लेनी पडी है या वे अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। सोमवार सुबह आठ बजे तक फाफामऊ में 84।7 मीटर, छतनाग में 83।40 और नैनी में 83।90 मीटर तक जलस्तर पहुंच गया था। ऐसे में जलस्तर खतरे के निशान 84।734 मीटर के करीब पहुंच रहा है। पिछले 24 घंटे में फाफामऊमें जलस्तर 1।20 मीटर, छतनाग में 1।20 सेंटीमीटर और नैनी में करीब एक मीटर बढा है। हालांकि, पश्चिम से पानी आने की रफ्तार कम हुई है और विशेषज्ञों का मानना है कि सोमवार से कुछ राहत मिल सकती है। नैनी में अब आधा सेंटीमीटर प्रति घंटा और छतनाग में एक सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से जलस्तर बढ रहा है।

सैनिक स्कूल में हुआ गणपति बप्पा की महाआरती का आयोजन

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सैनिक स्कूल मंदसौर के मुक्ताकाश में विराजे गणपति बप्पा की महाआरती का आयोजन बडी धूमधाम के साथ किया गया। आरती के प्रारंभ में कैडेट्स के द्वारा गणेश और कार्तिकेय की एक छोटी सी नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया गया कि किस प्रकार गणपति जी ने अपने माता-पिता की तीन प्रदक्षिणा कर हमें माता-पिता में संपूर्ण ब्रह्मांड समाया है इसकी शिक्षा दी। इसके पश्चात घोष, डमरू, ताशे व लेजिम की थाप पर गणपति बप्पा की महाआरती की गई जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। आरती के पश्चात गणपति बप्पा के प्रिय मोदक का प्रसाद वितरण किया गया। इस पर्व पर सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक व समिति के सह सचिव श्री सुनील शर्मा, समिति के कोषाध्यक्ष श्री राजदीप परवाल, समिति सदस्य श्रीमती वर्तिका पारीक, सैनिक स्कूल मंदसौर की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद परिवार सहित उपस्थित रहें। साथ ही सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई के प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, छात्रावास अधीक्षक श्री कमल किशोर गोठी, कैडेट्स व सैनिक स्कूल मंदसौर की टीम भी उपस्थित रही।

नपाध्यक्ष ने तीन स्थानों पर गणेशजी की आरती की

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर 10 दिवसीय गणेशोत्सव में प्रतिदिन विविध स्थानों पर पहुंचकर भगवान श्री गणेशजी की आरती करने का धर्मलाभ ले रही है। कल रविवार को श्रीमती गुर्जर ने खानपुरा चिन्ताहरण गणपति मंदिर (देवरी) पर पहुंचकर महाआरती में सहभागिता की और गणेशजी की आरती की। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद माया भावसार, पूर्व पार्षद तरूण खीची, जितेन्द्र सोपरा, भाजपा नेता गौरव अग्रवाल, प्रवीण पाठक, विजय पोपट, पुष्पेन्द्र भावसार, मांगीलाल बोरीवाल ने भी आरती की। इन सभी का स्वागत दीपक बडसोलिया के द्वारा किया गया। श्रीमती गुर्जर ने नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला के साथ नईआबादी स्थित शिशुवन स्कूल के परिसर में भी आरती की। इन सभी का स्वागत स्कूल परिवार की ओर से विजय सुराणा, मयुर सुराना, आदित्य सुराना ने किया। श्रीमती गुर्जर के द्वारा खानपुरा भावसारों केधर्मशाला के सामने रामलला ग्रुप के गणेश पंडाल में भी भगवान गणेशजी की आरती की गई। इस अवसर पर विनय दुबेला, माया भावसार, राकेश भावसार, हेमन्त बुलचंदानी ने भी आरती की। इन सभी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत भी ग्रुप के द्वारा किया गया।

इनरव्हील शक्ति ने जिला जैल में आयोजित किया सेमिनार

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। इनरव्हील क्लब मंदसौर शक्ति के तत्वावधान में जिला जेल में मेंटल इंजीनियर मधु चौरडिया ने सेमिनार में आयोजित किया गया। इस सेमिनार में जिला जेल में बंदीयो के आत्मविश्वास बढाने और व्यक्तित्व सुधारने का क्लब द्वारा प्रयास किया गया।

क्लब अध्यक्ष रत्ना बसेर ने कहा कि विपरित परिस्थितियों में मन में कई नकारात्मक विचार उत्पन्न होते है जिन्हें हावी न होने दे। क्लब द्वारा बंदियों का आत्मविश्वास को बढाने एवं उनमें सकारात्मकता को बढाने हेतु यह शिविर आयोजित किया गया है। क्लब द्वारा किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होंगे और सकारात्मक रहेंगे इसलिए कैदियों से शपथ पत्र भरवाए गए। सेमिनार में श्रीमती चौरडिया ने कहा कि मानसिक अवसाद से जूझ रहे कैदियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए व्यक्ति को खुद ही प्रयास करना पडेगा। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढना पडेगा। आपने कहा कि अपने विचारों को साथियों से साझा करें। आत्ममंथन करे आपकी सोच ही आपके व्यक्तित्व को निखारेगी। हार ना माने खुद को कमजोर ना समझे। कुछ खोने के बाद भी आप हौसला ना हारे उम्मीद कायम रखें। शिविर में आयोजित सकारात्मक विचारों का सभी कैदी बंधुओ ने स्वागत किया इस अवसर पर क्लब उपाध्यक्ष विशाखा पारिख सहित क्लब सदस्या एवं जिला जेल स्टाफ उपस्थित था। आभार क्लब सचिव संगीता जैन ने माना।

किसानों ने भरी हुंकार, अबकी बार सोयाबीन 6 हजार पार

नई अफीम नीति में संशोधन सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसान लामबंद, ट्रेक्टर रैली निकाल किया प्रदर्शन

नीमच, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। 16 सितंबर सोयाबीन के दाम 6 हजार करने नई अफीम नीति में संशोधन सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को किसान संघ के तत्वावधान में किसान दशहरा मैदान एकत्रित हुए जहां से किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाल किया प्रदर्शन, दोपहर 12 बजे सोमवार 16 सितंबर को ट्रैक्टर रैली दशहरा मैदान से शुरु हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव और स्थानीय मुद्दों को लेकर कलेक्टर के नाम तीन अलग-अलग ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीम ममता खेडे को सोपे, और ज्ञापन का वाचन भारतीय किसान संघ के कोषाध्यक्ष निलेश पाटीदार द्वारा किया गया जिसमें बताया कि सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार प्रति क्विंटल करने, नई अफीम नीति किसान हितेषी हो जिसमें लाइसेंसों की संख्या बढाई जाकर चीरा एवं सीपीएस पद्धति अफीम का मूल्य 10 हजार प्रति किलो सीपीएस पद्धति केडोडो का मूल्य 1000 प्रति किलो एवं 1995 से कटे हुए पट्टे बहाल करने व कपास का समर्थन मूल्य 10 हजार किया जाए, मक्का का समर्थन मूल्य ढाई हजार रुपए किया जाए, कृषि उपज का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए, बलराम जयंती को किसान दिवस घोषित करने, मनरेगा योजना को कृषि से जोडने, सभी जिलों में सर्व सुविधा युक्त कृषि महाविद्यालय खोलने, जंगली जानवर एवं आवारा पशुओं से फसलों में होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति करने, आयात निर्यात नीति को खेती के अनुरूप बनाने, मुख्यमंत्री खेत सडक योजना एवं बलराम तालाब योजना अभिलंब शुरू करने, गोवंश को बढावा देने हेतु पालक किसान को प्रति गाय प्रोत्साहन राशि देने, भूमि अधिग्रहण कानून किसान हितेषी बनाने, ,मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना में पर्याप्त फंड उपलब्ध कराने, किसानों को सीजन में 6 घंटे दिन में और 6 घंटे रात में बिजली देने, राजस्व के प्रकरणों का निपटारा शीघ्र करने, प्रत्येक किसान को खेत तक जाने हेतु पर्याप्त मार्ग उपलब्ध कराने, ओर स्थानीय मुद्दों में नीमच डुंगलवादा में बनी नई कृषि उपज मंडी में सभी उपज की नीलामी तत्काल शुरू करने, लहसुन मंडी में लागू की गई नई तोल एवं परिवहन की व्यवस्था सभी जिंसों में लागू की करने, जिले में सिंचाई हेतु चंबल नदी का पानी सभी खेतों पर पहुंचाने, बरसात के कारण खराब हुई सडकों का रखरखाव तत्काल कराने, रबी सीजन को देखते हुए सरकारी समितियां पर पर्याप्त खाद व्यवस्था करने जैसे मुद्दे शामिल किए गए। प्रदर्शन एवं ज्ञापन सोपो समय किसान संघ जिला अध्यक्ष सुरेश धाकड, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद, जिला मंत्री विष्णु नागदा, लाला नागदा, जमनालाल पाटीदार, कोषाध्यक्ष निलेश पाटीदार, मीडिया प्रभारी रामगोपाल धाकड, जिला प्रभारी जिला प्रचार मंत्री रघुनंदन पाटीदार, राधेश्याम धनगर, प्रांतीय सदस्य जगदीश पाटीदार, तहसील मंत्री बाबूलाल धाकड, नीमच तहसील अध्यक्ष कैलाश पारीक मनासा, तहसील अध्यक्ष पप्पु लाल गुर्जर, शाहिद बडी संख्या में किसानों का जन सैलाब उमडा, 80 से अधिक ट्रैक्टर 120 से अधिक मोटरसाइकिल है 15 से अधिक चार पहिया वाहन में किसान सहभागी की बने।

इनका कहना है–सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 क्विंटल किया जाए ।किसान लगातार समस्या से जूझ रहा है।

सोयाबीन का भाव अभी 4000 के आसपास चल रहा है जिससे किसान परेशान है। किसानों खेत में हकाई जुताई के समय किसानों को आज सडकों पर ट्रैक्टर लेकर प्रदर्शन को मजबूर होना पड रहा है। सरकार को इस पर विचार कर निर्णय लेना होगा ताकि किसानों को राहत मिल सके। सोयाबीन फसल जब पककर बाजार में आती है। इस समय आयात निर्यात नीति किसान के हित में बनानी चाहिए थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है ।इससे बचाने के लिए सरकार को योजना बनानी चाहिए। अफीम नीति किसानों के हित में बनाई जाए। जीपीएस पद्धति किस स्वीकार करने को तैयार है। लेकिन डोडा चुरा के भाव 1000 किलो करने चाहिए तभी किसानों को राहत मिल सकेगी। अफीम की लागत राशि बढ गई है। इसलिए अफीम का भाव भी बढना चाहिए। डोडा चूरा में कई निर्दोष किसान फंस रहे हैं उनको राहत देने के लिए ठोस कानून बनना चाहिए। राजस्व संबंधित विभिन्न समस्याएं सामने आ रही है इसका तत्काल निराकरण करना चाहिए। झूंगालवदा चंगेरा में जो नई मंडी बनाई गई है उसका शीघ्र शुभारंभ होना चाहिए। ताकि किसानों को राहत मिल सके।

❊ निलेश पाटीदार भारतीय किसान संघ कोषाध्यक्ष

नि:युद्ध खेल की दक्षता परीक्षा सम्पन्न

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। विश्व स्तरीय नियुद्ध खेल के वर्ल्ड हेड क्वार्टर मंदसौर पर नियुद्ध खेल की दक्षता परीक्षा सम्पन्न हुई। नूतन स्टेडियम परिसर में स्थित नियुद्ध हाल में आयोजित इस परीक्षा में सभी पंजीकृत परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के फाउंडर नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। नियुद्ध गुरूकुल द्वारा आयोजित दक्षता परीक्षा में सभी बेल्ट स्कार्फ कक्षाओं के लिये 30 नियोद्धाओं द्वारा अपनी नियुद्ध खेल की दक्षताओं को प्रमाणित किया गया। परीक्षक के रूप में नियुद्ध गुरू प्रवीण भण्डारी, अजयसिंह चौहान, आदित्य सुरा, सनी घोडेला, मनीष रेकवार नयनसी गंगवाल, अभिरूची भंडारी, रजत राज श्रीवास्तव, अर्पण भंडारी, हिमांशु सिंह चंद्रावत, अलफेज अहमद अंसारी, दिव्या मौर्य, विशाल चौहान उपस्थित रहे।

कार से डोडाचूरा-अफीम जप्त, दो गिरफ्तार

सीबीएन की टीम ने की तस्करों पर फायरिंग, मंदसौर-जावरा टीम की कार्यवाही

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। जावरा और मंदसौर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए जावरा-रतलाम राजमार्ग पर बिलपांक (चिकलिया) टोल प्लाजा पर एक किआ कैरेंस कार से 291.410 किलोग्राम डोडाचूरा तथा 3.130 किलोग्राम अफीम जब्त की है। कार्रवाई के दौरान कार सवारों ने भागने की कोशिश की। इस दौरान सीबीएन की टीम ने तीन फायर किए। इसके बाद कार को रोका जा सका।

अधिकारियों ने बताया कि मुखबीर सूचना पर बताए स्थान पर दबिश दी गई। कार को जावरा-रतलाम राजमार्ग, पीएस बिलपांक जिला रतलाम पर बिलपांक (चिकलिया) टोल प्लाजा पर सीबीएन अधिकारियों द्वारा रोका गया। वाहन सवारों ने टीम को देखकर कार सहित भागने का प्रयास किया। इस दौरान विभाग के वाहन को टक्कर भी मार दी। इसे रोकने के लिए वाहन पर सीबीएन अधिकारी द्वारा 03 राउंड फायर किए गए। जब कार रुकी तो कार सवारों ने कार का ताला नहीं खोला। वाहन में घुसने के लिए सीबीएन अधिकारियों ने वाहन के साइड ग्लास तोड दिए। निरंतर पूछताछ करने पर कार सवारों ने खुलासा किया कि वाहन में पोस्ता भूसा और अफीम छुपाया गया था। किआ कैरेंस कार की गहन तलाशी ली गई और उसमें से 291.410 किलोग्राम वजन के कुल 18 बैग पोस्ता पुआल और 3.130 किलोग्राम वजन के 01 पैकेट अफीम बरामद किए गए। वाहन से कई नंबर प्लेट भी बरामद की गईं। मामले में एनडीपीएस की धारा 8/15, 18 के तहत प्रकरण दर्ज कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच जारी है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। कार की टक्कर से बाइक सवार 2 युवक घायल हो गए। मामले में कार के अज्ञात ड्राइवर पर प्रकरण दर्ज हुआ है।

वायडी नगर पुलिस के अनुसार मामला इंदिरा कॉलोनी स्थित पान स्टील फैक्ट्री के पास का है। फरियादी विनोद सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी14जेडए 0393 के ड्राइवर ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर फरियादी की बाइक को टक्कर मार दी इससे फरियादी विनोद व उसका साथी सूरज बाइक समेत गिर गए। जिससे उनके पंजे, घुटने, कोहनी और सिर पर चोट आई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

अभा तैराकी प्रतियोगिता में हुआ दीपक गायरी का चयन

मंदसौर। क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता शारदा विहार भोपाल में आयोजित हुई जिसमें केशव नगर मंदसौर के भैया दीपक गायरी ने तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही भैया ऋतिक पाटीदार, सौराभ ग्वाला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अखिल भारतीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हुआ 7 भैया 11 बहिनों का चयन क्षेत्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता जो भोपाल शारदा विहार में आयोजित हुई जिसमें केशव नगर के 7 भैया और 11 बहिनो ने क्षेत्र में प्रथम स्थान और 1 भैया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेल जगत में केशव नगर मंदसौर के भैया - बहिनों ने क्षेत्रीय तैराकी और भारोत्तोलन प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर 19 गोल्ड और 4 सिल्वर प्राप्त कर अखिल भारतीय में अपना स्थान बनाया। सभी विजेता उपविजेता और सहभागिता भैया बहिनों को मालवा प्रान्त के पदाधिकारी, मंदसौर विभाग के विभाग समन्वय, विद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारी प्राचार्य, प्रधानाचार्य ने बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता में विजेता होने की अग्रीम बधाई दी।

आज केंद्रीय गणेशोत्सव समिति के तत्वाधान में निकलेगी...

15 भव्य एवं आकर्षक नयनाभिराम झांकियां

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। अनन्त चतुर्दशी पर्व पर आज 17 सितम्बर 24 मंगलवार को रात्री 8.30 बजे से आकर्षक एवं नयनाभिराम इंदौर को भुलाने वाली 15 झांकियों का कारवां निकलेगा, साथ ही 8 अखाडे अपने हैरतं अंगेज करतब दिखाएंगे। गणपति विर्सजन का 60 वा चल समारोह रात्रि 8.30 बजे श्री द्विमुखी चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर परम्परानुसार जिला कलेक्टर अदिति गर्ग, एवं जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनन्द द्वारा पूजा अर्चना किये जाने के बाद 15 झांकियों व 8 अखाड़ों के साथ आरम्भ होगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए श्री केंद्रीय गणेशोत्सव समिति के संरक्षक पंडित दिलीप शर्मा, अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल , परामर्शदाता राधेश्याम शर्मा पार्टनर , आर सी जैन (महा प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक), संयोजक बसन्त शर्मा (जनपद अध्यक्ष) प्रदीप भाटी, महा सचिव गोपाल मंडोवरा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर, श्री राधेश्याम शर्मा एंड पार्टनर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सकल वाल्मीकि समाज नगर पालिका, श्री राम गणेश उत्सव समिति राम टेकरी, देहली गेट गणेश उत्सव समिति सम्राट मार्केट , संयुक्त माली समाज दया मन्दिर, श्री कृष्ण गणेश उत्सव समिति नयापुरा, गणेश नवयुवक मंडल मुल्तानपुरा, श्री भेरुवनाथ नवयुवक गणेश उत्सव समिति नयापुरा, श्री सिकलीगर गणेश उत्सव समिति कैलाश मार्ग, श्री राधा कृष्ण ग्रुप कोठारी नगर के राजा , श्री विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा, श्री सीताराम ग्रुप कुमावत समाज नरसिंहपुरा, बाबा रामदेव गणेशोत्सव समिति नरसिहपुरा आदि की झांकीयां सम्मिलित रहेगी। चल समारोह महाराणा प्रताप चौराहा से प्रारंभ होकर बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टेण्ड, घण्टाघर, सदर बाजार होता हुआ श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगा। रात्रि में 9 बजे तक सभी झांकियां महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड से चलकर सुबह 4 बजे तक बीपीएल चौराहे को पार करेगी तथा सुबह 4 बजे से 7 बजे तक बीपीएल चौराहे से घण्टाघर तक नयनाभिराम झांकियों का कारवां रहेगा। जिसमें विभिन्न अखाड़ों के पहलवान हेरत अंगेज करतब दिखाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि चल समारोह के दौरान पूरे मार्ग एवं चिन्हित स्थानों पर झांकिया खड़ी रहेगी जो अपने निर्धारित समय पर ही आगे बढ़ेगी। झांकियों के संचालक व्यवस्था को सुचारू चलाने में सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अलावा विद्युत मण्डल झांकियों की विद्युत सज्जा को जगमगाने के लिये विद्युत पॉइंट विभिन्न खम्बों पर लगाऐंगे तथा चल समारोह मार्ग में आने वाली विद्युत लाइनों के रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक झांकी के साथ विद्युत मण्डल के दो-दो कर्मचारी तैनात रहेंगे। नगरपालिका मार्ग की सड़कों से आवारा पशु को सड़क से हटाने का काम करेगी। पूरे मार्ग पर पुलिस प्रशासन पुख्ता सुरक्षा व्यवस्थाएं करेगा। मनचलों पर सख्ती के साथ लगाम लगाई जायेगी। आपात स्थिति में एंबुलेंस की व्यवस्था बस स्टैंड, शहर कोतवाली, जिला चिकित्सालय पर रहेगी, फायर बिग्रेड कंटऐल रूम तथा शहर कोतवाली पर तैनात की जाएगी। चल समारोह के दौरान पेयजल की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर की जावेगी। तथा नगर के अनेकों सामाजिक संगठनों द्वारा भी अल्पाहार एवं पेयजल की व्यवस्था की जावेगी। इसके साथ ही विद्युत मण्डल के अधिकारियों को अवगत कराया गया कि चल समारोह पूरी तरह विसर्जित होने तक झांकियों के लिये लगाये गये विद्युत मीटर नहीं खोले जायेंगे। वॉच टॉवर बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टेण्ड, घण्टाघर, तथा मण्डीगेट पर स्थापित किए जायेंगे जहां पुलिस जवान बैठकर चल समारोह की सुरक्षा व्यवस्था पर निगाह रखेंगे जिन पर माईक टार्च तथा विद्युत एवं साउंड व्यवस्था की जावेगी। इसके अलावा सुरक्षा के लिहाज से सादे कपड़ों में भी पुलिस जवान तैनात होंगे। महिला पुलिस कर्मियों की भी व्यवस्था की जावेगी। इसके साथ प्रत्येक झांकी के साथ पदस्थ होने वाले पुलिस बल की सूची भी झांकी संचालकों को उपलब्ध करवायी जायेगी। केन्द्रीय गणेशोत्सव समिति के संरक्षक पं. दिलीप शर्मा, अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल , महा सचिव गोपाल मंडोवरा, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंहल, पदाधिकारी रमेश ग्वाला, कपिल मावर, कैलाशचंद पुरोहित, गोपाल दीवान, श्याम पहलवान, प्रमोद मालवी ,सुनील मुंडेल, अजय भाटी, अनिरुध्द शर्मा, लखन डागर, विष्णु मकवाना, विश्व मोहन अग्रवाल, देव डगवार, मांगीलाल कुमावत, कुंदन चौहान, ईश्वर चौहान आदि ने धर्मप्रेमी भक्तो से झांकियों को निहारने एवं नगर की सामाजिक धार्मिक संस्थाओं द्वारा निशुल्क स्वल्पाहार ,पेयजल सहित अन्य व्यवस्था की जा रही है उनका उत्साहवर्धन करने के लिये सपरिवार पधारने की अपील की है।

सनातन धर्म सीमित संकुचित नहीं व्यापक है-स्वामी महाराज

श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में चातुर्मास का कल को होगा समापन

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में ऋषिकेश के पूज्य स्वामी श्री आनंदस्वरूपानंद जी महाराज का चातुर्मास सत्संग का कल दिनांक 18 सितंबर को प्रात: 9 बजे समापन होगा। स्वामीजी के चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक आध्यात्मिक अनेक प्रसंगों-उदाहरण के साथ ही श्रीमद् भागवत के एकादश स्कन्ध पर सारगर्भित प्रवचन हो रहे है जिनका बडी संख्या में जिज्ञासु श्रद्धालु लाभ ले रहे हैं।

सनातन धर्म के संबंध में स्वामी जी ने कहा हमारा सनातन धर्म सीमित संकुचित नहीं इतना व्यापक है कि समस्त धर्म उसमें समा जाते हैं सनातन धर्म का मुख्य सिद्धांत संदेश सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: । सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दु:खभाग्भवेत्। सभी सुखी निरोग रहे, सभी को सर्वानंद सुख शांति का अनुभव होता रहे । किसी को किसी प्रकार का शारीरिक मानसिक क्लेश दु:ख नहीं होने की सनातन धर्म संदेश प्रेरणा देता है । हम यह सोचते हैं हमारा सुख दुख का कारण कोई और है परंतु यह सोच गलत है हमारे सुख दुख का कारण हम स्वयं है। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में स्पष्ट लिखा है कोऊ न काहू-सुख दुख दाता। निजकृत भोग सब भ्राता। प्रत्येक सनातन धर्मावलंबी को सनातन धर्म को संरक्षित-सुरक्षित रखने के लिये भावी पीढ़ी को सनात धर्म मेंसंस्कारित करने के लिए प्रत्येक माता-पिता को अवश्य ध्यान देना चाहिए।

उपस्थित रहे-: जगदीशचन्द्र सेठिया, बंशीलाल टांक, कारूलाल सोनी, मांगीलाल सोनी, मदनलाल गेहलोद, प्रवीण देवड़ा, संतोष जोशी, प्रदीप देवड़ा, शिवनारायण शर्मा, आलाजी, आर.सी. पाण्डेय, श्री गुप्ता, आर.सी. पंवार, पुरूषोत्तम गोयल, गिरीश् गौड़, हरिवंशराय गौड़, महेश गेहलोद, निरंजन गेहलोद, जगदीश गर्ग, जगदीश भावसार आदि।

अनंत चतुर्दशी चल समारोह में 5 क्विंटल फलाहार वितरण होगा

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर निकलने वाले हिंदू धर्म संस्कृति उत्सव नयनाभिराम झांकियां, विशाल चल समारोह में मंदसौर प्रजापति समाज द्वारा 5 क्रिंटल फलाहार वितरण आज.मंगलवार शाम 7.00. बजे, स्थान-. सुचित्रा टॉकीज के पास बीपीएल चौराहा, पर,किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य कलाओं का स्वांग वेशभूषा में प्रदर्शन किया जाएगा! उक्त कार्यक्रम में मंच पर प्रजापति समाज के बालक बालिकाएं अगर कोई अपना हुनर या सांस्कृतिक नृत्य कला प्रस्तुति करना चाहते वह कर सकते हैं अपना नाम समिति को कार्यक्रम से पूर्व नाम दर्ज कराएं ! अत: प्रजापति समाज के धर्मालूजनों से आग्रह है कि कार्यक्रमे पधार कर धर्म लाभ ले एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं! उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश प्रजापति अखिल भारतीय कुंभकार महासंघ मंदसौर द्वारा दी।

सनातन आदि, अनादि, अनंत है-डॉ. बटवाल

पिपलिया में काव्य निशा व भजन संध्या सम्पन्न

पिपलियामंडी, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। गणेशोत्सव के दौरान रविवार को स्थानीय श्री टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर समिति के तत्वावधान व युवा उत्सव समिति के सहयोग से अभा साहित्य परिषद ने मंदिर परिसर में काव्य निशा एवं भजन संध्या आयोजित की। जिसमें अतिथि पत्रकार व आयोग मित्र डॉ. घनश्याम बटवाल ने कहा सनातन की व्याख्या करना नामुमकिन है, क्योंकि यह आदि, अनादि और अनंत है। हमारा धर्म सकल विश्व को सहिष्णुता व भाईचारे का संदेश देता है। मंदसौर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष ब्रजेश जोशी ने कहा जिस धर्म के शास्त्रों और ग्रंथों मे दयाभाव, अहिंसा और करुणा के संदेश हैं वो सनातन धर्म आज पूरी सृष्टि का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। जोशी ने श्री गणपतिजी और कार्तिकेय की महिमा का एक देवलोक में हुए एक सत्य व प्रेरक घटनाक्रम के माध्यम से बखान किया। सेवानिवृत्त बैंककर्मी ओमप्रकाश बटवाल ने विकृत होती संस्कृति को लेकर कहा की युवा वर्ग का अपने सनातन धर्म की ओर उन्मुख होना प्रसन्न्ता की बात है। एसे धार्मिक आयोजन हमें और नई पीढ़ी को धर्म के प्रति आस्थावान होकर जागृत रहने की प्रेरणा देते है। शुरुआत में सुनील राठौर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रसिद्ध गायक राजकुमार अग्रवाल ने गणपतिजी के आव्हान वाले भजन से आरम्भ होकर श्रीकृष्ण, मातारानी, प्रभु श्री राम, हनुमानजी की स्तुति वाले भजन गाकर सभी को भक्ति रस मे डूबो दिया। बांसुरी वादक विक्रम कनेरिया ने अपने बेटे देव कनेरिया के साथ बांसुरी वादन कर सबका दिल जीता, उपस्थित अतिथियों ने प्रोत्साहन स्वरुप नगद राशि भी भेंट की। काव्य निशा में मंदसौर के कवि नंदकिशोर राठौर ने मालवी कविता या है मालवा की माटी सुनाकर खूब तालियां बटोरी। हास्य कवि नरेंद्र भावसार ने महिलाओं की पीड़ा को हास्य व्यंग के माध्यम से पेश किया। उनकी मालवी रचना में एकलो कई कई करूं ने कठे कठे मरूं, रामजी की मौज है, ने छोरा छोरी की फौज है, आलकी ने पालकी जय कन्हैयालाल की, बोलो बांके बिहारी लाल की ने श्रोताओं को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया। पंकज शर्मा तरुण ने गणपतिजी की आराधना स्वरुप स्वचित दोहे सुनाकर दाद बटोरी। साहित्यकार भागवततीप्रसाद गेहलोत ने मालवी में अपनी रचना प्रस्तुत कर सबको प्रभावित किया। कवि पोरवाल मुकेश निडर ने टीलाखेड़ा बालाजी की शान में जिनके प्रताप से आसमाँ झुक जाए, जिनके प्रताप से रेल भी रुक जाए, बड़े चमत्कारिक हैं टीलाखेड़ा बालाजी, आप दर्शन करने से ना चूक जाएँ। रचना पेश की। बेटियों को आगाह करते हुए भी पंक्तियाँ पढ़ी व कुछ मुक्तकों के जरिये समाँ बांधने की कोशिश की। शायर डॉ. स्वप्निल ओझा ने भी शेरों, शायरी के जरिये महफ़िल लूट ली। नगर के कवि लक्ष्मीनारायण कराड़ा ने निराश्रित नन्ही बेटियों के दर्द को पंक्तियों मे गाकर सबकी आंखे छलका दी। कवि सम्मेलन का संचालन श्रेष्ठ मंच संचालक नरेंद्र त्रिवेदी (मंदसौर) ने किया। आरंभ मे सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों का दुपट्टा व शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर स्वागत मंदिर समिति के व्यवस्थापक रामलाल राठौर, मानसिंह माछोपुरिया, ओमप्रकाश गेहलोत, विजय राठौर, घीसालाल उणियारा, डॉ. बसंत शर्मा, रमेश मालेचा, शिवलाल सोलंकी, किशोर उणियारा, जगदीश व्यास आदि ने किया। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार भूत, पूर्व अध्यक्ष अनिल मुजावदिया, राजेन्द्र शर्मा, पार्षद चेतना पोरवाल, आशा घाटिया, चंदा गुप्ता, अर्जुन परिहार, गंगाराम माली, पंकज शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, मांगीलाल राठौर, भेरूशंकर माली, बलराम भूत, ओमप्रकाश उणियारा, अम्बालाल कारपेंटर, खुशदिल उणियारा, सुनील घाटिया, मुकेश गुप्ता, इन्दर गुर्जर, गोपाल हारोड़, रितिक माली सहित बड़ी संख्या मे श्रोतागण एवं धर्मप्रेमी बंधु देर रात तक उपस्थित रहे।

डोडाचूरा देने वाला फरार

पिपलियामंडी, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। महिला को डोडाचूरा देने वाले को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है, जो फरार है। जानकारी के अनुसार रविवार को पिपलिया पुलिस ने बही फन्टे पर भोपाल जाने के लिए बस का इंतजार कर रही 65 वर्षीय महिला मुन्नीबाई पति मंगूसिंह सिक्ख निवासी बाडी (रायसेन) की कब्जे से 9 किलो 90 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया था। पूछताछ के दौरान महिला ने उक्त डोडाचूरा रावटी (सीतामउ) निवासी अनिल पिता मन्नालाल पाटीदार से लेना बताया है, पुलिस ने अनिल को भी सह आरोपी बनाया है, जो फरार है।

दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 20 तक करें आवेदन

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। अधीक्षक डाकघर मंदसौर द्वारा बताया गया कि भारतीय डाक विभाग फिलैटली छात्रवृति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कक्षा 06 से 09 तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए है। कक्षा 6 से कक्षा 9 तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृति की राशि रुपए 6 हजार रूपये एक वर्ष के लिए होगी। छात्रवृत्ति योजना में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नजदीकी डाकघर या अधीक्षक डाकघर मंदसौर के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र 20 सितंबर 2024 तक कर सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिये भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट http://www.indiapost.gov.inसे अथवा कार्यालय अधीक्षक डाकघर मंदसौर से प्राप्त की जा सकती है। लिखित क्विज परीक्षा 30 सितंबर 2024 कोआयोजित की जावेगी। जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न समसामयिकी, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, खेल/संस्कृति प्रत्येक से 05 प्रश्न एवं स्थानीय व राष्ट्रीय फिलैटली से संबंधित क्रमश: 10 एवं 15 प्रश्न रहेंगे, लिखित क्विज की समय-अवधि एक घंटा रहेगी। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र द्वारा स्थान एवं समय की सूचना दी जावेगी। लिखित क्विज में चयनित विद्यार्थियों को स्तर 02 में भाग लेने हेतु फिलैटली प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना होगा। फिलैटली प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05 नवंबर 2024 तक रहेगी।

दिनांक 17 सितम्बर 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
जन्म कुंडली में मंगल-शुक्र की युति

✲यदि किसी जातक की जन्मकुंडली में मंगल-शुक्र की युति किसी भी भाव में बन रही हो तो वह जातक विशेष आकर्षक, पराक्रमी तथा स्त्रियों का प्रिय होता हैं, उसकी आँखों मे विशेष आकर्षण होता हैं, यदि कुंडली में बृहस्पति का लग्न से प्रबल संबंध हो तो वह जातक अपनी इस ताकत का सदुपयोग करेगा ओर शनि का संबंध हो तो दुरूपयोग।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

नल बंद, ग्रामीणों ने निकाली मोटर व केबल की शवयात्रा

पिपलियामंडी, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। 12 दिन से नल-जल योजना बंद होने से परेशान ग्रामीणों ने विद्युत मोटर व केबल की शवयात्रा निकाली। जानकारी के अनुसार गांव में पिछले 12 दिनों से नल नही आने से मल्हारगढ जनपद पंचायत के गांव पामाखेड़ा के ग्रामीण परेशान थे, ग्राम पंचायत को भी अवगत कराया लेकिन समस्या का निराकरण नही हुआ। सोमवार को ग्रामीण ईश्वरलाल भाटी, खुमानसिंह पंवार, भेरुलाल चोहान, कनीराम पंवार, श्रीपालसिंह राजपूत, मांगीबाई राठौर, दारासिंह राजपूत, राजकुमार भाटी, रमेश मालवीय, प्रकाश भाटी आदि ने मोटर व केबल को रखकर शवयात्रा निकाली। ग्रामीणों ने बताया पहले डूब क्षेत्र में स्थित कुए से गांव में नल में पानी सप्लाय किया जा रहा था, लेकिन अत्यधिक बरसात होने के बाद कुआ भर गया है और गंदा पानी शामिल होने से पेयजल सप्लाय को रोक दिया था। ग्राम पंचायत सरकारी कुए से जल सप्लाय कर सकती है, लेकिन केबल छोटी होने के अभाव में जल सप्लाय चालू नही किया गया। पंचायत को शिकायत की तो बजट नही होने का अभाव बताया। इसके बाद ग्रामीणों ने योजना को चालू करने के लिए केबल लाने के लिए राशि भी एकत्रित की।

विश्व ओजोन दिवस पर कार्यशाला सम्पन्न

पिपलियामंडी, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शासकीय महाविद्यालय पिपलिया में विश्व ओजोन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्रभारी आरएस कटारा ने बताया विश्व ओजोन दिवस हमें याद दिलाता है कि ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन के लिए कितनी आवश्यक है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने के लिए सतत जलवायु के अनुकूल कार्यवाही की आवश्यकता पर जोर देता है, यह दिन लोगों को ओजोन परत के महत्व और पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर ओजोन क्षरण के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए समर्पित है।

प्राचार्य आरके श्रीवास्तव ने कहा हर साल, विश्व ओजोन दिवस का एक विशिष्ट थीम होता है जो ओजोन परत संरक्षण से संबंधित वर्तमान मुद्दों और लक्ष्यों को दर्शाता है। 2024 का थीम जीवन के लिए ओजोन है, जो ओजोन परत की रिकवरी को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के सकारात्मक परिणामों पर केंद्रित है। समताप मंडल में स्थित ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) विकिरण का अधिकांश भाग अवशोषित करती है। त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के साथ-साथ पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए इसकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर महाविश्शलय के प्रोफेसरगण दिनेश्चन्द्र बोरीवली, चन्द्रकला चौहान, निशा जटिया, गोविन्द तंवर, कन्हैयालाल लोहार सहित विधार्थी भी उपस्थित थे। संचालन अरुण नरगावे ने किया। आभार मोनू नागदा ने माना।

दशपुर विद्यालय में काव्य पाठ प्रतियोगिता सम्पन्न

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। दशपुर विद्यालय में आज हिंदी दिवस के शुभावसर पर इन्टर हाउस काव्य पाठ नामक आयोजित की गई। इस हेतु विद्यालय के छात्र छात्राओं को तीन अलग अलग वर्गों में बांटा गया, जिनमें सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रत्येक हाउस से 12-12 विद्यार्थियों को शामिल किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने वीर रस, श्रृंगार रस और हास्य रस पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने अपने अपने प्रिय कवियों एवं कवयित्रियों की कविताएं एवं कुछ छात्रों ने अपनी स्वरचित कविताओं को प्रस्तुत किया। जिससे पूरा विद्यालय परिसर काव्यमय हो गया। कक्षा सातवीं के छात्र नक्ष जैन द्वारा हास्य रस पर आधारित कविता ने सभी को हँसने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय के शिक्षक श्री अन्तिम गेहलोद द्वारा हिंदी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए, श्रृंगार रस पर आधारित कुछ मुक्तक पेश किए गए। विद्यालय प्राचार्य प्रिन्स वी थॉमस द्वारा भी हरिवंशराय जी बच्चन की कविता कुछ पंक्तियाँ सुनाई गई, जो कार्यक्रम में चार चांद लगा निर्णायक मंडल के रूप में शिक्षक श्री निखिलेश प्रालरिया, श्री देवेन्द्र बैरागी एवं शिक्षिका श्रीमती रेणुका शुक्ला शामिल थे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रिन्स वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकिम प्रसाद शर्मा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के छात्र छात्राओं सिद्धि जैन, अवनी पोरवाल, रोज़ गेहलोत एवं दक्ष सेवानी द्वारा किया गया।

स्कूलों में स्वच्छता परीक्षा आयोजित कर हमारा छोटू स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर घोषित करेगी नगर परिषद

पिपलियामंडी, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारत सरकार का स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान में नगर की जनता को स्वच्छता के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से नगर के शासकीय एवं अशासकीय मीडिल स्कूलों में अध्यनरत कक्षा छह से आठवीं तक के बच्चों के माध्यम से यह अभियान चलाया जाना प्रस्तावित किया गया है। योजना अनुसार नगर के समस्त मिडिल स्कूलों मे स्वच्छता परीक्षा आयोजित की जाएगी। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, नोडल अधिकारी राजेश उपाध्याय ने बताया इसके लिए नगर परिषद ने विधिवत 30 प्रश्नों की एक प्रश्नावली तैयार की है। बच्चों को इन प्रश्नों के उत्तर को याद करने के लिए नगर परिषद ने बैनर और पोस्टर स्कूलों को उपलब्ध कराए है। जिन्हें देखकर बच्चे आसानी से बिना रटे इन प्रश्नों का जवाब दे सकते हैं। स्कूल अपनी सुविधा से लिखित या मौखिक परीक्षा 18 सितंबर तक ले सकेंगे। 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक उन्हें अपने स्कूल के किसी एक टॉपर बच्चे का नाम नगर परिषद को देना होगा। वर्तमान में नगर परिषद ने 11 स्कूलों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए हैं। बाद में प्रत्येक स्कूल के टॉपर बच्चों के मध्य नगर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन 11 बच्चों में जो भी एक बच्चा अव्वल होगा उसे हमारा छोटू स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर घोषित किया जाएगा। इन्हीं बच्चों से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बनाए गए छोटू ब्रांड एंबेसडर स्वच्छता द्वार का रिबन काटकर लोकार्पण कराया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा देवरिया ने बताया स्वच्छता की सामान्य जानकारी प्राप्त हो इसके लिए इस प्रश्न पत्र एवं उसके उत्तर को समाचार पत्रों में सार्वजनिक रूप से जारी किया जा रहा है।

शिक्षित बेरोजगार युवा नि:शुल्क प्रशिक्षण लेकर रोजगार करें स्थापित

मंदसौर, 16 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में 18 से 45 वर्ष, शिक्षा पाँचवीं पास, प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम में रूचि व उसमें स्वरोजगार का संकल्प एवं प्रशिक्षण अवधि में कोई अवकाश नहीं दिया जावेगा। प्रशिक्षण, भोजन व प्रशिक्षणार्थियों के ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्थाई निवासी आवेदन कर सकते है। आवेदन कब और कैसे करे इसके लिये मो.नं 6269058449, 7999852839, 8435806297 एवं 9111858590 पर प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक सम्पर्क कर सकते है। प्रशिक्षण केंद्र सर्किट हाउस के पास मंदसौर रहेगा।

निम्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा- मशरूम खेती, मछली पालन, डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी खाद निर्माण, औषधि/ खुशबूदार पौधों की खेती, रबर टैपिंग एवं प्रोसेसिंग, सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं खेती, ट्रेवल एवं टूरिस्ट गाइड, पोली हाउस और छाया जाल खेती के लिए 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही कृषि उद्यमी, ऋण वसूली एजेंट, सूक्ष्म उद्यमी हेतु ईडीपी के लिए 13 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। विद्युत मोटर रिवाईन्डिग एवं रिपेयरिंग सेवायें, दो पहिया मेकेनिक, कार ड्राइविंग, घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी, घरेलू वायरिंग, टीवी टेकनीसियन, कंप्यूटराइजड एकाउंटिंग, रेफ्रिजीरेशन/ ऐसी रिपेयरिंग, यूपीएस/ बैटरी रिपेयरिंग निर्माण एवं सेवाये के लिए 30 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डेस्कटॉप पब्लिशिंग एवं कंप्यूटर हार्डवेयर एन्ड नेटवर्किंग के लिए 45 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

खाली पोस्ट केवल 05, अतिशेष...

पेज 1 से जारी

हो, जिससे कि शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षको को परेशान होना पड़े।

कोर्ट भी जा रहे शिक्षक, स्टे भी मिला- अतिशेष शिक्षकों के मामले में स्कूल शिक्षा विभाग की मुश्किल बढ़ती जा रही है। एक तरफ विभाग अतिशेष शिक्षकों के मामले में कोई गड़बड़ी नहीं होना मान रहा है दूसरी तरफ अब अदालत भी अतिशेष बताने पर सवाल उठा रही है। एक महिला शिक्षक रूपा वर्मा की याचिका पर हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने पूछा कि डीईओ बताएं किस आधार पर इस महिला शिक्षक को अतिशेष माना। सुनवाई के बाद रूपा को उच्च न्यायालय द्वारा एक महीने का स्टे भी दिया गया। हाईकोर्ट ने आदेश में यह भी कहा है कि यदि महिला शिक्षक इस दौरान स्थानांतरित स्कूल में कार्यभार ग्रहण नहीं करती तो उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए।

✲ संयुक्त उठावना ✲
अत्यंत दुख के साथ सूचित करने मे आता है कि गोपाल एवं गिरिराज के बड़े भ्राता, कैलाश एवं पंकज के ताऊजी एवं विनोद, (सनत कुमार), मुकेश के पिताजी एवं पीयूष, विनायक के दादाजी एवं पनन, युवाश के परदादाजी श्री बाबूलाल जी जावंदीय का श्रीजी शरण 15 सितंबर 2024 को हो गया है । जिनका उठावना 17/9/2024 मंगलवार दोपहर 2 बजे माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड मंदसौर पर रखा गया है।
✲✲✲ शोकाकुल ✲✲✲
पुरुषोत्तम, गोपाल,नवल किशोर, गिरिराज, सुभाष, संतोष ,विजय,नरेंद्र, कैलाश, पंकज, विनोद (सनत कुमार), मुकेश एवं समस्त जवांदीया परिवार

✲ संयुक्त उठावना ✲
मेरे बहनोई जी एवं श्याम सुन्दर, अनिल, संतोष, के फूफाजी श्री बाबूलाल जी (जवांदीया) माहेश्वरी (मार्तण्ड गंज वाले) का देवलोक गमन दिनांक 15 सितम्बर 24 रविवार को हो गया है! उठावना दिनांक 17 सितम्बर 2024 मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड मंदसौर पर रखा गया है।
✲✲✲ शोकाकुल ✲✲✲
मनोहरलाल भूतड़ा
(पटलावद वाले)

स्वच्छ भारत

स्वच्छता ही सेवा 2024

17 सितम्बर – 2 अक्टूबर 2024

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

अपनी दृढ़ता एवं प्रखर नेतृत्व क्षमता से
भारत को नयी ऊंचाइयां देने एवं
140 करोड़ देशवासियों की उम्मीदों और
आकांक्षाओं को पूरा करने वाले...

यशस्वी प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी

के जन्मदिवस पर कृतज्ञ मध्यप्रदेश की ओर से

हार्दिक शुभकामनाएं

"स्वच्छता का जो आंदोलन शुरु हुआ, अब वह एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर आ पहुंचा है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि राष्ट्र का हर तबका, हर संप्रदाय, हर जाति, हर उम्र के मेरे साथी इस महाअभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।"

- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस को समर्पित

स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत

"51,000 आवासों का गृह प्रवेश"

एवं

"प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0" का शुभारंभ

प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का 50 चिकित्सालयों में शुभारंभ

प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना अंतर्गत निकायों एवं बैंकर्स को उत्कृष्ट कार्य के लिए PRAISE अवॉर्ड

गरिमामयी उपस्थिति

मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

17 सितम्बर, 2024 । पूर्वान्ह 10:30 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

आइये सहभागी बनें

- स्वच्छता मित्रों का सम्मान कार्यक्रम
- 117 पर्यटन ग्राम, 710 नर्मदा तट के ग्रामों के 70,000 सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कार्यक्रमों के माध्यम से की जायेगी साफ-सफाई
- जनभागीदारी से वृहद स्तर पर सफाई अभियान, सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा शिविरों का आयोजन
- अभियान अवधि में 18,000 लक्षित इकाइयों को पूरी तरह स्वच्छ बनाया जायेगा
- स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैली, मोहल्ला सभा, स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिताएं, 3-आर गतिविधियां (Reduce, Reuse, Recycle), एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री से जुड़ने के लिए स्कैन करें

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

D-11064/24

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in